समझौतों के क्रियान्वयन की कवायद हुई तेज

एमओयू को धरातल पर लाने के लिए रोज होगी निवेशकों संग समीक्षा

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। वैश्विक निवेश सम्मेलन (ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट) में हुए समझौतों (एमओयू) के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए शासन ने समझौता कार्यान्वयन इकाई (एमओयू इम्प्लीमेंटेशन यूनिट) के गठन का निर्णय लिया है। प्रमुख सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण ने आवास विकास परिषद में आवास आयुक्त, विकास प्राधिकरणों में उपाध्यक्ष एवं विनियमित क्षेत्रों में नियंत्रण प्राधिकारी की अध्यक्षता में इसे गठित करने का आदेश दिया है। शासन स्तर पर सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन की अध्यक्षता में समिति गठित की जाएगी।

प्रमुख सचिव ने आदेश दिया है कि इकाई रोज आवश्यकतानुसार सम्मेलन में हुए एमओयू को धरातल पर लाने के लिए निवेशकों के साथ बैठक करेगी। शासन स्तर पर गठित समिति इसकी साप्ताहिक

समझौतों के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए होगा इकाई का गठन

आवास एवं विकास परिषद, विकास प्राधिकरणों में बनेगी हेल्प डेस्क

समीक्षा करेगी। इकाई के कार्यकलापों की समीक्षा प्रत्येक 15 दिन में प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन करेंगे।

आवास बंधु के स्तर पर समझौतों के समयबद्ध क्रियान्वयन, समस्याओं के निराकरण व दिन-प्रतिदिन की मॉनीटरिंग के लिए हेल्पडेस्क स्थापित की जाएगी। परियोजनाओं को लागत के आधार पर 2000 करोड़ से अधिक, 501 करोड़ से एक हजार करोड़ तक, 201 से 500 करोड़ तक और 51 करोड़ से 200 करोड़ रुपये व उसे कम लागत की परियोजनाओं को अलग-अलग सूचीबद्ध किया जाएगा।

लखनऊ में बनेगी स्टार्टअप वैली, आगरा में ईवी मैन्युफैक्चरिंग प्लांट

लखनऊ। हांगकांग की कंपनी आगरा में छह हजार करोड़ रुपये की लागत से दो इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करेगी। कंपनी चार हजार करोड़ रुपये की लागत से ई-बाइक और लिथियम बैटरी निर्माण का प्लांट भी लगाएगी। वहीं वर्ल्ड ट्रेड सेंटर नोएडा डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लखनऊ में स्टार्टअप वैली की स्थापना करेगी।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग के क्षेत्र में देश-विदेश के निवेशकों ने यूपी में 1.37 लाख करोड़ रुपये निवेश के लिए 9 हजार से अधिक करार साइन किए हैं। इनमें 225 करोड़ रुपये से अधिक निवेश करने वाले टॉप 20 निवेशकों ने कुल 17,521 करोड़ रुपये निवेश के एमओयू किया है। इसमें हांगकांग की एक कंपनी ही करीब 10 हजार करोड़ का निवेश करेगी। निवेशकों ने प्रदेश के अलग अलग क्षेत्रों में एलईडी मोटर बल्ब यूनिट, एमएसएमई एक्टिविटीज, एथेनॉल

लखनऊ में 1500 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित होगी स्टार्टअप वैली

प्लांट, रिफाइनिंग यूनिट, ऑटोमोबाइल पार्ट्स समेत कई और यूनिट की स्थापना करने के लिए करार किया है।

हांगकांग की ताऊचेन इंटरनेशनल प्रा लि ग्रुप की ताऊचेन ई मोटर्स प्रा लि आगरा में 4100 करोड़ के निवेश से ई व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की शुरुआत करेगी। वहीं ताऊचेन ई मोबिलिटी आगरा में ही 2050 करोड़ की लागत से 2 और 3 व्हीलर ई व्हीकल्स की फैसिलिटीज वाली यूनिट लगाई जाएगी। वहीं वर्ल्ड ट्रेड सेंटर नोएडा डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन राजधानी लखनऊ में 1500 करोड़ रुपये के निवेश से स्टार्टअप वैली बनाएगी। यह सूक्ष्म-मध्यम उद्योग और एमएसएमई के लिए एक जरूरी इकोसिस्टम की तरह काम करेगी। ब्यूरो